Australian Government
Department of Infrastructure, Transport, Regional Development, Communications and the Arts

अक्तूबर 2022

# पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय (नैन्सी-बर्ड वॉल्टन) हवाईअड्डा

## सिंगल रनवे परिचालनों के लिए उड़ान पथ का डिज़ाइन

### मंत्री महोदया की ओर से संदेश



पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय (नैन्सी-बर्ड वॉल्टन) हवाईअड्डे का उद्घाटन पश्चिमी सिडनी के लिए एक रोमांचक अवसर है।

इस हवाईअड्डे को एक अत्याधुनिक, कर्फ्यू-मुक्त हवाईअड्डे के रूप में डिज़ाइन किया गया है जो आने वाले दशकों तक पश्चिमी सिडनी और ऑस्ट्रेलिया की आवश्यकताओं को पूरा करेगा, और साथ ही यह पश्चिमी सिडनी में समुदायों के लिए बुनियादी ढांचे के निवेश, आर्थिक गतिविधि व रोजगार सृजन के लिए उत्प्रेरक भी है।

पश्चिमी सिडनी का नया हवाईअड्डा पहले से ही पश्चिमी सिडनी समुदाय को लाभ पहुंचा रहा है। निर्माण के दौरान अब तक सृजन की गई लगभग आधी नौकरियाँ पश्चिमी सिडनी के स्थानीय लोगों को मिली हैं, और डब्ल्यूएसए को लिमिटेड द्वारा पश्चिमी सिडनी में व्यवसायों के लिए $100 मिलियन से भी अधिक धनराशि का अनुबंध किया गया है, जिसमें छोटे व मध्यम आकार के उद्यमों के साथ-साथ पारिवारिक व प्रथम राष्ट्रों के व्यवसाय भी शामिल हैं।

वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया सरकार पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए उड़ान पथों के डिज़ाइन का काम कर रही है। किसी भी हवाईअड्डे के लिए उड़ान पथों को डिज़ाइन करना जटिल व अत्यधिक तकनीकी-युक्त होता है और इसके लिए सावधानीपूर्ण और गहन प्रक्रिया की आवश्यकता होती है, ताकि प्राथमिक रूप से सुरक्षा को बनाए रखते हुए समुदाय, उद्योग व मौजूदा हवाई क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं की प्रतिस्पर्धी आवश्यकताओं के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

जब सिडनी बेसिन जैसे जटिल क्षेत्र की बात आती है, जहाँ पहले से ही सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डा, आरएएएफ रिचमंड और अन्य व्यस्त हवाईअड्डे शामिल हैं, तो यह बात विशेषकर सत्य है।

मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ कि उड़ान पथों से पड़ने वाले प्रभावों के लिए समुदाय के साथ पूरी तरह से परामर्श किया जाए और 2023 के मध्य में जारी होने वाले मसौदा पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य (ईआईएस) [Environmental Impact Statement (EIS)] के एक हिस्से के रूप में इन विचारों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया जाए। आरंभिक उड़ान पथ तय करने के अलावा, ईआईएस (EIS) उड़ान पथों से पूर्वानुमानित पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में समुदाय को समझने में सहायता देगा, जिसमें विमानों से शोर और हवा की गुणवत्ता, ग्रीनहाउस गैसों और वन्यजीवों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव शामिल हैं। 2023 के मध्य में शुरू होने वाली जनप्रदर्शनी अवधि के दौरान उड़ान पथों पर प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए समुदाय को आमंत्रित किया जाएगा।

यह विवरणिका आपको इस बात की जानकारी देने के लिए बनाई गई है कि हम इस मुकाम पर कैसे पहुंचे हैं, यहाँ से आगे की प्रक्रिया क्या होगी, आरंभिक उड़ान पथ विकसित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सिद्धांत क्या होंगे और आप परामर्श प्रक्रिया में कैसे भाग ले सकते/सकती हैं। सामुदायिक परामर्श खुलने के बाद मैं आपको अपनी राय देने के लिए आमंत्रित करती हूँ। पश्चिमी सिडनी के समुदायों के लिए यथासंभव सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करने में आपकी प्रतिक्रिया अतिमहत्वपूर्ण है।

**माननीया कैथरीन किंग सांसद**

**बुनियादी ढांचा, परिवहन, ग्रामीण विकास एवं स्थानीय सरकार मंत्री**

### अभी क्या हो रहा है?

ऑस्ट्रेलिया सरकार 2026 के अंत तक पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय (नैन्सी-बर्ड वॉल्टन) हवाईअड्डे (डब्ल्यूएसआई) [Western Sydney International (Nancy-Bird Walton) Airport (WSI)] पर एकल रनवे परिचालनों के लिए उड़ान पथ विकसित करने के लिए जिम्मेदार है।

वर्तमान में हम सिंगल रनवे परिचालन के लिए आरंभिक डिज़ाइन और पर्यावरणीय आकलन के चरण में हैं, और 2023 के मध्य में डब्ल्यूएसआई (WSI) के उड़ान पथों पर एक मसौदा ईआईएस (EIS) निर्गत की जाएगी। हम उड़ान पथों के अंतिम डिज़ाइन में मार्गदर्शन के लिए इस जनप्रदर्शनी अवधि के दौरान समुदाय से प्रतिक्रिया मांगेंगे।

ऑस्ट्रेलिया सरकार डब्ल्यूएसआई (WSI) उड़ान पथों के बारे में समुदाय से परामर्श करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विवरणिका डिज़ाइन प्रक्रिया का अवलोकन प्रदान करती है और इस बात की रूपरेखा देती है कि पर्यावरणयीय आकलन के लिए आरंभिक उड़ान पथ निर्गत किए जाने पर आप परामर्श प्रक्रिया में कैसे शामिल हो सकते/सकती हैं।

कृपया वेबसाइट **www.westernsydneyairport.gov.au** पर जाएँ या अतिरिक्त जानकारी के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें। आप **WSIflightpaths@infrastructure.gov.au** या **1800 038 160** पर परियोजना टीम से संपर्क भी कर सकते/सकती हैं।

# पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय (नैन्सी-बर्ड वॉल्टन) हवाईअड्डे के लिए उड़ान पथों का विकास

## उड़ान पथों का विकास कौन कर रहा है?

हवाईअड्डे के लिए उड़ान पथों का डिज़ाइन विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है, जो पश्चिमी सिडनी हवाईअड्डा योजना (Western Sydney Airport Plan) में उल्लिखित 12 एयरस्पेस डिज़ाइन सिद्धांतों (Airspace Design Principles) से निर्देशित होंगे। सिद्धांतों को 2015-16 से डब्ल्यूएसआई चरण 1 विकास ईआईएस (WSI Stage 1 Development EIS) में समुदाय और उद्योग की प्रतिक्रिया से प्रेरणा मिली थी और ये सिद्धांत इस प्रतिक्रिया को प्रदर्शित करते हैं। इन सिद्धांतों का उद्देश्य है कि समुदाय और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम से कम करते हुए सुरक्षा, कार्यकुशलता और क्षमता को अधिक से अधिक बनाया जाए। डिज़ाइन सिद्धांतों के संपूर्ण सारांश के लिए कृपया पृष्ठ 4 देखें।

एक विशेषज्ञ परिचालन समूह (ईएसजी) [Expert Steering Group (ESG)] तकनीकी डिज़ाइन प्रक्रिया की देखरेख करता है और इसका नेतृत्व बुनियादी ढांचा, परिवहन, ग्रामीण विकास, परिचार और कलाएँ विभाग (Department of Infrastructure, Transport, Regional Development, Communications and the Arts) द्वारा किया जाता है। इसमें एयरसर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया (Airservices Australia), नागरिक उड्डयन सुरक्षा प्राधिकरण (सीएएसए) [Civil Aviation Safety Authority (CASA)], रक्षा विभाग (Department of Defence) और हवाईअड्डे के संचालक डब्ल्यूएसए (WSA) शामिल हैं। सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे के संचालक और पश्चिमी सिडनी हवाईअड्डा (एफओडब्ल्यूएसए) मंच [Forum on Western Sydney Airport (FOWSA)] के अध्यक्ष भी ईएसजी (ESG) की मुलाकातों में भाग लेते हैं।





*चित्र 1 और 2 वर्तमान हवाईअड्डा योजना का फ्रंट कवर (बाएँ) और एक डब्ल्यूएसआई (WSI) उड़ान पथ डिज़ाइन कार्यशाला का चित्र (दाएँ)*

## प्रक्रिया और समय-सीमा क्या है?

ऑस्ट्रेलिया में उड़ान पथ का डिज़ाइन सामान्य रूप से प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डिज़ाइन विकसित करने के साथ शुरू होता है। पहले चरण को डब्ल्यूएसआई चरण 1 विकास ईआईएस (WSI Stage 1 Development EIS) और एयरपोर्ट की योजना के हिस्से के रूप में 2016 में पूरा किया गया था, ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि Badgerys Creek में नए हवाईअड्डे का परिचालन Greater Sydney में अन्य सभी हवाई क्षेत्र आवाजाही के साथ सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। उसके बाद से हमने उड़ान पथ के डिज़ाइन के लिए विकल्पों की योजना बनाना शुरू कर दिया है और 2015-16 में प्राप्त प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप डिज़ाइन दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं:

- आवासीय क्षेत्रों में शोर कम से कम करना
- प्रकृति और दृष्यता के संदर्भ में संवेदनशील क्षेत्रों पर हवाई परिचालनों के पड़ने वाले प्रभावों को कम से कम करना
- एक ही आवासीय क्षेत्र में एकमात्र स्थान पर विमानों के विलय न होने का ध्यान रखना।

उड़ान पथों को कई चरणों में विकसित किया जा रहा हैं – इस समय हम 2 में हैं: आरंभिक डिज़ाइन और पर्यावरणीय आकलन। प्रत्येक चरण में क्या शामिल है, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए आगे के पृष्ठ देखें।

## उड़ान पथ डिज़ाइन प्रक्रिया का सारांश

**2015-2016**

### प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डिज़ाइन

- प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डिज़ाइनों को यह प्रदर्शित करने के लिए विकसित किया गया था कि Badgerys Creek में एक नया हवाईअड्डा स्थापित करना व्यवहार्य था।
- डब्ल्यूएसआई चरण 1 विकास ईआईएस [WSI Stage 1 Development EIS] और हवाईअड्डा योजना को अंतिम रूप दिया गया, जिससे एकल रनवे परिचालन के लिए सुविधाओं के निर्माण व परिचालन की अनुमति और उड़ान पथ की योजना बनाना आरंभ करने के लिए प्राधिकरण मिल पाया।

**2017-2020**

### चरण 1: नियोजन

- आरंभिक डिज़ाइन विकल्पों का विकास और आकलन सुरक्षा, पर्यावरण, कार्यकुशलता व क्षमता तथा 12 हवाईअड्डा डिज़ाइन सिद्धांतों के मानदंडों के अनुरूप किया गया था।
- इन मानदंडों के अनुरूप अधिकतम स्कोर करने वाले विकल्प की पुष्टि विशेषज्ञ परिचालन समूह (Expert Steering Group) द्वारा 'प्राथमिकता की अवधारणा' के रूप में की गई थी और इसे आरंभिक डिज़ाइन व पर्यावरणीय आकलन के लिए चरण 2 में ले जाया गया।

**2020-2024**

### चरण 2: आरंभिक डिज़ाइन और पर्यावरणीय आकलन

- आरंभिक उड़ान पथ नियत करने के उद्देश्य से 'प्राथमिकता की अवधारणा' में सुधार और सत्यापन के लिए कई बार पुनरावृत्ति की गई। इसके बाद इसे *पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण अधिनियम 1999 (Environment Protection and Biodiversity Conservation Act 1999) के तहत आकलन के लिए पर्यावरण मंत्री के पास भेजा गया।*

***हम यहाँ मौजूद हैं***

- इस समय ऑस्ट्रेलिया सरकार जनपरामर्श के लिए एक मसौदा ईआईएस (EIS) विकसित कर रही है, जिसमें आरंभिक उड़ान पथों के पर्यावरणीय, विरासती, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण भी शामिल है।
- ऑस्ट्रेलिया सरकार उड़ानों के हवा में होने के दौरान पैदा होने वाले शोर के प्रभावों को कम करने के तरीकों पर जनपरामर्श के लिए नीति विकसित कर रही है, जिसमें संपत्ति अधिग्रहण और शोर से संरक्षण भी शामिल होगा।

***आगे***

- इस अवधि के दौरान आपके लिए आरंभिक उड़ान पथों और उनके प्रभावों को समझने के प्रयोजन से उपयोग करने में आसान और सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे, और आपके पास प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए अनेकानेक माध्यम होंगे।

**2024-2026**

### चरण 3: विस्तृत डिज़ाइन

- जनप्रदर्शनी के दौरान प्राप्त प्रतिक्रिया के उत्तर में उड़ान पथ डिज़ाइन और शोर सुधार कार्यक्रम का बेहतरीकरण किया जाएगा।
- सीएएसए (CASA) हवाई क्षेत्र में परिवर्तन के प्रस्तावों पर विचार करेगा और डब्ल्यूएसआई (WSI) के लिए उड़ान पथों की जाँच करेगा।
- 2026 के अंत में हवाईअड्डे के परिचालन के निर्धारित आरंभ के लिए वृद्धिशील रूप से हवाई क्षेत्र में परिवर्तन किए जाएँगे।

**2026**

### चरण 4: कार्यान्वयन

- डब्ल्यूएसआई (WSI) 2026 के अंत के महीनों तक परिचालन आरंभ कर देगा।

## हवाई क्षेत्र डिज़ाइन सिद्धांत

समग्र डब्ल्यूएसआई चरण 1 विकास (WSI Stage 1 Development) के लिए मसौदा ईआईएस (EIS) की 2015 में आयोजित जनप्रदर्शनी के दौरान प्राप्त हुई प्रतिक्रिया के उत्तर में, पश्चिमी सिडनी हवाईअड्डा योजना में 12 हवाई क्षेत्र डिज़ाइन सिद्धांत नियत किए गए हैं, जिनका डिज़ाइन प्रक्रिया में अनुपालन किया जाना अनिवार्य है:

सुरक्षा के बारे में कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

आवासीय क्षेत्रों के ऊपर से होकर जाने वाली उड़ानों और शोर के प्रति संवेदनशील सुविधाओं को अधिक से अधिक बचाने का प्रयास किया जाएगा।

यदि उड़ान पथों से आवासीय क्षेत्रों को बचाया नहीं जा सकता है, तो:

- आगमन और प्रस्थान करने वाले विमानों को यथासंभव इन क्षेत्रों के ऊपर से होकर नहीं जाना चाहिए।
- शोर उपशमन प्रक्रियाओं का अनुकूलन किया जाना चाहिए, ताकि निवासियों पर यथासंभव कम से कम प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

हवाईअड्डे के परिचालन को अबाधित रखते हुए रात के समय विमान परिचालन के कारण समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव को कम से कम करने के लिए प्रक्रियाएँ विकसित की जाएँगी।

शोर के शमन के लिए निर्देश विकसित किए जाएँगे।

शोर और ग्रीनहाउस उत्सर्जनों को कम करने के लिए जहाँ संभव हो, आगमन की उड़ानें कंटिन्युअस डिसेंट एप्रोच का उपयोग करेंगी।

एक ही आवासीय क्षेत्र में मिलने वाले एकल स्थान पर विमानों के आगमन का विलय नहीं होगा।

प्रकृति और दृष्यता के संदर्भ में संवेदनशील क्षेत्रों पर हवाई परिचालन के प्रभावों के बारे में हवाई क्षेत्र के डिज़ाइन में विचार किया जाएगा।

अंतिम उड़ान पथ निर्धारित करने में समुदाय, एयरोड्रम संचालकों और हवाई क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं से परामर्श किया जाएगा।

सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे पर वर्तमान शोर साझा करने की व्यवस्थाओं में परिवर्तन न किए जाने का प्रयास किया जाएगा।


कार्यकुशलता और पर्यावरणीय प्रभावों में सुधार के लिए वर्तमान हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी, उदाहरण के लिए सैन्य प्रतिष्ठानों से जुड़े प्रतिबंध।

जिन क्षेत्रों में शोर होने की सबसे ऊँची संभावना, वहाँ भूमि के उपयोग के नियोजन में शोर के प्रति संवेदनशील विकासात्मक निर्माण न करने का प्रयास जारी रखना सुनिश्चित करें।

# उड़ान पथों का डिज़ाइन कैसे किया जा रहा है?

उड़ान पथों को डिज़ाइन करने में अत्यधिक तकनीकी कार्य शामिल होता है और इसे सही तरीके से करने के लिए सावधानीपूर्वक और गहन प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। यह आवश्यक है कि डिज़ाइन प्राथमिक रूप से सुरक्षा को बनाए रखते हुए समुदाय, पर्यावरण, उद्योग व Greater Sydney के हवाई क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं की प्रतिस्पर्धी आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करे।

प्रत्येक उड़ान पथ को 12 हवाई क्षेत्र डिज़ाइन सिद्धांतों, अंतर्राष्ट्रीय नियमों और अन्य कारकों के अनुपालन में डिज़ाइन किया जाता है (जिनमें नीचे दिए गए बिंदुओं में सूचीबद्ध किए गए कारक भी शामिल हैं)। उसके बाद उड़ान पथों का आकलन उड़ान सिम्युलेटर में और हवाई यातायात नियंत्रण सिम्युलेटर में किया जाता है, और अन्य उड़ान पथों को विकसित या परिवर्तित किए जाने के दौरान यह निरंतर समीक्षा की प्रक्रिया के अधीन होता है।






स्रोत: एयरसर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया

*चित्र 3 और 4 डिज़ाइन टीम उड़ान सिम्युलेटर (बाएँ) में और हवाई यातायात नियंत्रण सिम्युलेटर (दाएँ) में प्रत्येक उड़ान पथ का परीक्षण करती है*

आरंभिक उड़ान पथ विकसित करने में डिज़ाइन टीम और ईएसजी (ESG) को कई मामलों के संदर्भ में निर्देशित किया जाता है, जो यह निर्धारित करते हैं कि डिज़ाइन के लिए तकनीकी रूप से क्या व्यवहार्य है। इसमें शामिल हैं:

- **रनवे संरेखण अपरिवर्तनीय है**: उत्तर-पूर्व/दक्षिण-पश्चिम रनवे संरेखण में कोई परिवर्तन नहीं होंगे। इसे 2016 ईआईएस (EIS) में अनुमोदित किया गया था और यह वर्तमान में डब्ल्यूएसए (WSA) के निर्माणाधीन है।
- **अंतिम एप्रोच और आरंभिक प्रस्थान पथ भी अपरिवर्तनीय हैं:** निश्चित रनवे संरेखण और हवाईअड्डे को एप्रोच करने व प्रस्थान करने के लिए विमान को अपेक्षाकृत सीधी रेखा में जाने की आवश्यकता को देखते हुए, रनवे के सिरों से सीधे जुड़े कुछ क्षेत्र/उपनगर विमानन परिचालन से प्रभावित होंगे।
- **विमान की ऊंचाई पर सीमाएँ होती हैं:** जिस ऊंचाई पर विमान का परिचालन किया जाता है, उसे विमान के प्रकार, मौसमी स्थिति, सुरक्षा आवश्यकताओं और अंतरराष्ट्रीय विमानन नियमों सहित अन्य कई कारकों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया जाता है।
- **Greater Sydney में मौजूदा हवाईअड्डों की उपस्थिति**: सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे के लिए उड़ान पथों में बड़े परिवर्तन नहीं किए जा सकते हैं और Camden, Bankstown, Richmond व Holsworthy जैसे अन्य हवाईअड्डों के परिचालनों के बारे में विचार करने की आवश्यकता है। सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे से प्रस्थान करने वाले वर्तमान उड़ान पथों और सिडनी बेसिन में उपस्थित अन्य हवाईअड्डों के स्थलों के उदाहरण के लिए चित्र 5 देखें।
- **हवाईअड्डे का 24 घंटे परिचालन**: हमेशा से ही हवाईअड्डे का परिचालन 24 घंटे करने की योजना बनाई गई है, और यह इसके परिचालन की व्यवहार्यता के लिए आधारिक है।





*चित्र 5 सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे से प्रस्थान के लिए वर्तमान उड़ान पथ और सिडनी बेसिन में अन्य हवाई अड्डों के स्थल। इस चित्र में 2017 में एक दिन के दौरान सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाईअड्डे पर आगमन (सुनहरा रंग) और प्रस्थान (नीला रंग) करने वाली सभी उड़ानें प्रदर्शित की गई हैं।*

## मुझे यह कैसे पता चलेगा कि उड़ान पथ सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय कार्यप्रथाओं के अनुपालन में हैं?

ईएसजी (ESG) में ऑस्ट्रेलिया का सुरक्षा नियामक सीएएसए (CASA) और ऑस्ट्रेलिया का एयर नेविगेशन सेवा प्रदाता एयरसर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया (Airservices Australia) शामिल हैं। इन दोनों को विश्व-भर में विमानन सुरक्षा और डिज़ाइन के विशेषज्ञों के रूप में मान्यता दी जाती है। इसके अलावा हवाई क्षेत्र डिज़ाइन की प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (International Civil Aviation Organization) के डिज़ाइन मानकों का अनुपालन करती है।

डब्ल्यूएसआई (WSI) के लिए उड़ान पथ डिज़ाइन प्रक्रिया का पियर रिव्यू एनएटीएस (NATS) द्वारा किया गया है, जो हवाई यातायात प्रबंधन में वैश्विक विशेषज्ञता-प्राप्त यूके का एक स्वतंत्र संगठन है।




*चित्र 6 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन आरएनपी एआरआई प्रक्रिया डिज़ाइन मैनुअल का सामने का पृष्ठ*

## मैं इसमें भाग कैसे ले सकता/सकती हूँ?

ऑस्ट्रेलिया सरकार डब्ल्यूएसआई (WSI) उड़ान पथों के बारे में समुदाय से परामर्श करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समग्र डब्ल्यूएसआई चरण 1 विकास (WSI Stage 1 Development) के लिए 2015 मे आयोजित मसौदा ईआईएस (EIS) जनप्रदर्शनी के दौरान प्राप्त हुई प्रतिक्रिया से आरंभिक उड़ान पथों के डिज़ाइन के विकास और पर्यावरणीय आकलन को निर्देशन मिलना जारी है।


2023 के मध्य में सरकार मसौदा ईआईएस (EIS) की जनप्रदर्शनी के दौरान समुदाय से और अधिक औपचारिक प्रतिक्रिया का आग्रह करेगी। इस अवधि के दौरान आपके लिए आरंभिक उड़ान पथों और उनके प्रभावों को समझने के प्रयोजन से उपयोग करने में आसान और सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे, और आपके पास प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए अनेकानेक माध्यम होंगे।

## मैं और अधिक जानकारी के लिए किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ?

आप **WSIflightpaths@infrastructure.gov.au** या **1800 038 160** पर हमसे परियोजना के बारे में संपर्क कर सकते/सकती हैं, या वेबसाइट **www.westernsydneyairport.gov.au** पर जाएँ।

हवाईअड्डे के डिज़ाइन और निर्माण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया इन माध्यमों से डब्लूएसए (WSA) से संपर्क करें:

- www.westernsydney.com.au
- 1800 972 972
- पश्चिमी सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा अनुभव केंद्र (Western Sydney International Airport Experience Centre) में जाएँ (100 Eaton Rd, Luddenham)।






*चित्र 7 और 8 डब्ल्यूएसआई (WSI) के पिछले सामुदायिक आयोजन से तस्वीरें*

# आपकी भाषा में जानकारी

## अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (टीआईएस नेशनल)

If you require the services of an interpreter, please contact the Translating and Interpreting Service on **131 450** and ask them to call the WSI Flight Paths team on **1800 038 160**.

Nếu quý vị cần thông dịch viên, vui lòng gọi cho Dịch vụ Thông Phiên dịch (Translating and Interpreting Service) qua số **131 450** và yêu cầu họ gọi cho đội ngũ phụ trách Đường bay Sân bay Quốc tế Western Sydney (Western Sydney International Airport Flight Paths) qua số **1800 038 160**.

如果您需要口译服务，请致电 **131 450** 联系笔译与口译服务署（Translating and Interpreting Service），并请他们拨打 **1800 038 160** 联系西悉尼国际机场飞行路径团队（Western Sydney International Airport Flight Paths）

यदि आपको दुभाषिए की सेवाओं की ज़रूरत है, तो कृपया **131 450** पर अनुवाद और दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) से संपर्क करें और उनसे **1800 038 160** पर पश्चिमी सिडनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उड़ान पथ (Western Sydney International Airport Flight Paths) टीम को कॉल करने का अनुरोध करें।

إذا كنت بحاجة لخدمات الترجمة الشفوية، فيرجى الاتصال بخدمة الترجمة الكتابية والشفوية (Translating and Interpreting Service) على الرقم **١٣١ ٤٥٠** وأطلب منهم الاتصال بالفريق المعني بمسارات الطيران في مطار سيدني الغربية الدولي (Western Sydney International Airport Flight Paths) على الرقم **١٨٠٠ ٠٣٨ ١٦٠**

Kung kailangan mo ng mga serbisyo ng isang tagasaling pasalita (interpreter), mangyaring makipag-ugnayan sa Serbisyo ng Pagsasaling Pasulat at Pasalita (Translating and Interpreting Service) sa **131 450** at hilingin sa kanila na tawagan ang pangkat ng Mga Landas ng Paglipad sa Paliparang Internasyonal ng Western Sydney (Western Sydney International Airport Flight Paths) sa **1800 038 160**.

## इस विवरणिका को अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में देखें

Please scan this QR code to view this brochure in languages other than English.

Vui lòng rọi quét mã QR để xem tài liệu này bằng ngôn ngữ khác tiếng Anh.

请扫描此二维码，以查看本宣传册的非英语版本

कृपया अंग्रेज़ी के सिवाए अन्य भाषाओं में यह पुस्तिका देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

يرجى مسح رمز الاستجابة السريعة هذا للاطلاع على هذا الكتيّب بلغات غير الإنجليزية

Mangyaring i-scan ang QR code na ito upang mabasa ang polyetong ito sa mga wikang hindi Ingles.

ऑस्ट्रेलिया सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में भूमि के पारंपरिक संरक्षकों के प्रति अभिस्वीकृति व्यक्त करती है।
हम अतीत के, वर्तमान में और उभरते हुए वयोवृद्धों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।